- बिहार-झारखंड संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना। गुरुवार,14 नवंबर 2024 | सम्पादकः कृष्णा टेकड़ीवाल | web_dainikbiharpatrika.com | Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## एनडीए का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश : अमित शाह

एजेंसी/मुंबई



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को धुले की एक चुनावी सभा में कहा कि एनडीए गठबंधन का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश है। इसलिए महाराष्ट्र की जनता ने राज्य के विकास के लिए एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर नहीं बनने दिया था। अमित शाह ने धुले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर बनने नहीं दिया लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का सपना साकार किया। साढ़े पांच सौ साल बाद भगवान राम अपने घर में गए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शरद पवार, सुप्रिया सुले, राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे में से कोई नहीं आया, क्योंकि उन्हें एक निश्चित वोट बैंक खोने का डर था लेकिन हमें इसका डर नहीं है। विधानसभा चुनाव में एक तरफ औरंगजेब फैंस क्लब है तो दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी महाराज के हम लोग हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी का विरोध करने वाली पार्टी है। महाविकास आघाड़ी ने लाडली बहन योजना का विरोध किया। वे नहीं चाहते कि हमारी बहनों को 1500 रुपये मिले लेकिन अगर हमारी सरकार आई तो यह रकम बढ़ा दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि महाविकास अघाड़ी के लोग यहां लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं और दंगे करवा रहे हैं, जो महाराष्ट्र ही नहीं देशहित में बिल्कुल नहीं है।

# मोदी ने बिहार को दी 12,100 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा में लगभग 12,100 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें दरभंगा एम्स सहित स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं ऊर्जा क्षेत्र की 25 परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने दरभंगा में आयोजित जनसभा में कहा कि हमारी सरकार हमेशा देश के लोगों के विकास के लिए खड़ी है। हमने एक ही कार्यक्रम में 12,100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में खूब विकास हो रहा है। एनडीए सरकार लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पड़ोसी राज्य झारखंड में आज विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग 'विकसित झारखंड' के सपने को पूरा करने के लिए वोट डाल रहे हैं। उन्होंने झारखंड के सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान में हिस्सा लें। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में प्रतिष्ठित लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ की महिमा को जिस तरह शारदा सिन्हा ने अपने गीतों से पूरी दुनिया में पहुंचाया वह अद्भुत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, देश में स्वास्थ्य को लेकर होलिस्टिक अप्रोच के साथ काम कर रही है। पहला फोकस, बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस, बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। तीसरा फोकस है लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले, उन्हें सस्ती दवाएं मिलें। चौथा फोकस है छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना, देश में डॉक्टरों की कमी को दूर करना। पांचवां फोकस है स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नॉलजी का विस्तार करना। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिला, कोसी और तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और आसपास के कई क्षेत्रों के लोगों को सुविधा होगी। नेपाल से आने वाले मरीज भी इस एम्स में इलाज करा सकेंगे। एम्स से यहां रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भारत योजना' से देश में करीब चार करोड़ लोगों का इलाज हो चुका है। अगर आयुष्मान भारत योजना न होती तो इनमें से ज्यादातर लोग अस्पताल में भर्ती ही नहीं हो पाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना से करोड़ों परिवारों को करीब सवा लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है

## प्रधानमंत्री मोदी के शासन में बिहार को मिला दूसरा एम्स : मुख्यमंत्री नीतीश

दैनिक बिहार पत्रिका



दरभंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा में पटना के बाद दूसरे एम्स की आधारशिला रखी। यह दरभंगा के शोभन में बनेगा। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के शासन में 2015 में बिहार में दूसरे एम्स का निर्णय लिया गया था। अब इसका निर्माण हो रहा है। इससे काफी खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महत्वपूर्ण दिन है। दरभंगा एम्स का शिलान्यास पीएम मोदी कर रहे हैं। इससे बिहार के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलेगी। वर्ष 2003 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पहली बार पटना में एम्स के निर्माण का फैसला लिया गया था। पटना में एम्स बना और काफी लोग इलाज कराने यहां आते हैं। दूसरी बार पीएम नरेन्द्र मोदी के शासन में 2015 में भी बिहार में दूसरे एम्स का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से हम जाकर मिले थे। इसके बाद अब इसका निर्माण हो रहा है।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार के कटिहार में नए बैंकिंग आउटलेट के साथ अपनी पहुँच का किया विस्तार

दैनिक बिहार पत्रिका




उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) को इस लॉन्च के साथ अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और कटिहार के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक के देश भर में 984 और बिहार राज्य में 238 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "कटिहार में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट बिहार में अपने नेटवर्क को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए जाना जाने वाला कटिहार विकास के लिए एक आशाजनक परिदृश्य प्रदान करता है। इस आउटलेट के खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक सुविधाजनक पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनकी आकांक्षाओं और वित्तीय सशक्तिकरण को समर्थन मिलेगा। " बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा

बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है। उत्कर्ष एसएफबीएल का मकसद उन लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं या कम पहुंची हैं। बैंक ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की अपनी कोशिश में माइक्रो-बैंकिंग लोन (जेएलजी लोन), एमएसएमई लोन, हाउसिंग लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध करवाती है। इसके अलावा बैंक उन ग्राहकों को बैंक अकाउंट खोलने की सुविधा भी उपलब्ध कराती है जो किन्हीं कारणों से बैंक नहीं पहुंच सकते, ऐसे ग्राहक बैंक के टैबलेट आधारित एप्लिकेशन माडल, "डिजी आन-बोर्डिंग" का सहारा ले सकते हैं।

## सोना 1,470 रुपये तक सस्ता, चांदी में भी 2 हजार की गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार 5वें दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। आज सोना 1,350 रुपये से लेकर 1,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,430 रुपये से लेकर 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,990 रुपये से लेकर 70,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी कमजोरी आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## आस्था

## छातापुर में महिलाओं ने किया तुलसी पूजन

दैनिक बिहार पत्रिका/सुपौल



तुलसी विवाह को लेकर श्रद्धालु महिलाओं ने मंगलवार को विधिवत रूप से तुलसी पूजन किया | महिलाओं ने तुलसी पौधे की पूजा अर्चना कर जीवन मंगल की कामना किया | मुख्यालय समेत चुन्नी, रामपुर, माधोपुर, चरणें, घीवहा आदि पंचायतों में आस्थावान महिलाओं ने तुलसी विवाह के मौके पर तुलसी पूजन किया | सोनी देवी, उषा देवी आदि ने बताया कि तुलसी शालिग्राम की पूजा अर्चना पारम्परिक रूप से कर सुख समृधि की कामना किया गया | व्रती महिलाओं ने तुलसी माता व शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। मंगलवार की देर शाम व्यापक साज सज्जा और अच्छे लाइटिंग व्यवस्था में महिलाओं ने तुलसी माता को सोलह श्रृंगार सामग्री के साथ ही चुनरी आदि चढ़ाई और विवाह की रस्में अदा कर विधि-विधान से पूजन कर तुलसी व शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। इस दौरान कथा पाठ भी हुआ। इस बाबत शिव मंदिर के पुजारी राज किशोर गोस्वामी ने कहा कि हिंदू धर्म में तुलसी विवाह का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन तुलसी और भगवान विष्णु के शालीग्राम रूप का विवाह कराया जाता है। तुलसी विवाह कराने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है।

## सोनपुर मेले में विदेशी मेहमानों के लिए टूर पैकेज, फाइव स्टार होटल जैसी सुविधा




दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की शुरुआत बुधवार से हो गई । मेला एक माह तक संचालित होगा, 14 दिसंबर को इसका समापन होगा। विदेशी मेहमानों के लिए छह स्विस कॉटेज बनाए गए हैं, जिनमें फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। पर्यटकों के लिए फैमिली टूर पैकेज (एक रात व दो दिन) तैयार किया गया है। इसके लिए 6000 रुपये (दो व्यक्ति तथा दो बच्चे) देने होंगे। इसके तहत इटियोस एसी वाहन मुहैया कराया जाएगा। टूरिस्ट गाइड, ठहरने, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर, स्नैक्स और पानी के साथ पर्यटक ग्राम में रात्रि विश्राम की सुविधा दी जाएगी। पैकेज में पर्यटन निगम कार्यालय से दोपहर 12 बजे वाहन सोनपुर के लिए प्रस्थान करेगा। पहले दिन हरिहरनाथ मंदिर में दर्शन व पर्यटक ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया जा सकेगा। अगले दिन मेला भ्रमण करते हुए दोपहर बाद 3.30 बजे तक पटना वापस लौटेंगी। एकदिवसीय स्पेशल टूर पैकेज आम पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह पैकेज दोपहर 12 बजे से संध्या सात बजे तक का होगा। इसके लिए एसी बस, विंगर, डेकर बस के लिए प्रति पर्यटक 900 रुपये, ट्रेवलर एसी से प्रति पर्यटक 950 रुपये, इनोवा (1100 रुपये प्रति व्यक्ति)और इटियोस (1300 रुपये प्रति व्यक्ति) का भुगतान करना होगा। इस पैकेज के तहत पर्यटकों को वाहन, टूरिस्ट गाइड, स्नैक्स और पानी दिया जाएगा। पैकेज में पर्यटक ग्राम से हरिहर क्षेत्र मेला और हरिहर नाथ मंदिर दर्शन की सुविधा प्रशिक्षित गाइड के साथ मिलेगी। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने पर्यटन ग्राम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त छह स्विस कॉटेज बनाए हैं। साथ ही पटना से सोनपुर जाने के लिए स्पेशल टूर पैकेज भी है। कॉटेज का चार्ज 3000 रुपये प्रतिदिन देसी पर्यटकों के लिए और 5000 रुपये प्रतिदिन विदेशी पर्यटकों के लिए रखा गया है। सभी कॉटेज डबल बेड के हैं और अटैच बाथरूम होगा। इसमें फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं होंगी।

## कॉलेज से पति के संग घर लौट रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा

छपरा शहर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक के समीप अनियंत्रित ट्रक के धक्के से एक छात्रा की मौत हो गई. मृत छात्रा दिघवारा थाना क्षेत्र के सैदपुर वार्ड-2 निवासी रितेश कुमार की पत्नी पिंकी कुमारी बताई जाती है। इस संदर्भ में पति ने बताया कि वह पत्नी को संग लेकर राजेंद्र कॉलेज पहुंचा था जहां, कॉलेज से पार्ट टू का फॉर्म लेकर बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। तभी शहर के नगर थाना अंतर्गत भिखारी ठाकुर चौक के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। जिसके बाद वह दाहिने तरफ गिर गया और उसकी पत्नी बाएं तरफ गिर गई।तत्पश्चात ट्रक चालक ने भागने के क्रम में उसकी पत्नी को कुचल दिया, जिस कारण उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह मौके से फरार हो गया।जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना नगर थाना को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

## दौरा पड़ने से अधेड़ मजदूर की मौत

दैनिक बिहार पत्रिका/बांका



चांदन| आनंदपुर थाना क्षेत्र के असुढ़ा पंचायत अंतर्गत जिरोपहरी गांव के एक मजदूर का मंगलवार 12 को दिल्ली में दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन से परिजन रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक सरफुद्दीन अंसारी दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता था और परिवार का भरण-पोषण करता था। वहीं बुधवार को मृतक सरफुद्दीन अंसारी के परिजनों ने इनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से जिरोपहरी गांव लाया गया।एम्बुलेंस में लाश देखते ही मृतक के 40 वर्षीय पत्नी मेजून बीवी,15 वर्षीय पुत्र रियाज़ अंसारी,18 वर्षीय बड़ी पुत्री खुशबू खातून दहाड़ मार रोने लगी। पत्नी जेनूल बीवी बार बार बदहवास हालत में फुट फुट कह कर रही थी कि अब बेटी कि विवाह कैसे करेंगे और मेरा परवरिश कैसे चलेगा। पति मजदूरी कर परिवार चलाता था। आज वह भी इस दुनिया को अलविदा कह चला गया। इधर मृत सरफुद्दीन अंसारी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए जनाजा पढ़ा गया ।
मौके पर गांव के सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे और गांव के गणमान्य लोग जनाजे में सामिल थे।

## सरकाई लो खटिया जाड़ा लगे... जाड़े में बलमा प्यारा लगे....

# विद्यापति महोत्सव में पूर्णिमा श्रेष्ठा के ठुमके पर थिरकते रहे श्रोता

दैनिक बिहार पत्रिका/ समस्तीपुर





**विद्यापतिनगर।** विद्यापति महोत्सव के पहले दिन जैसे ही चुलबुली और मखमली आवाज की मल्लिका वॉलीबुड की पार्श्व गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ मंच से गाना शुरू की उपस्थित श्रोता झूमने लगे। पूर्णिमा की गीतों पर हज़ारों की भीड़ देर तक थिरकती रही। पूर्णिमा ने अठारह बरस की कुंवारी कली...क्या हुआ तेरा वादा.., वो क़सम वो इरादा.. इसके अलावा गायिका ने श्रोताओं के बीच जाकर अपनी गीतों की प्रस्तुति दी। झुमका गिरा रे, बरैली के बाज़ार में..... और परदे में रहने दो—— जैसी सुरीली गीतों पर सिटी के साथ खूब तलिया बजी। वही सोना कितना सोना है, सोने जैसा तेरा मन और टिप टिप वर्षा पानी, पानी में आग.. जैसी गीतों की अदाकारी आवाज पर श्रोताओं ने जमकर सीटियां बजाई। पूर्णिमा ने चूड़ी टूटी चने के खेत में... सैया के साथ मरैया में.. बड़ा मजा आवे रजाइया में.. सरकाई लो खटिया जाड़ा लगे... जाड़े में बलमा प्यारा लगे... जैसे गीतों को गा कर युवाओं का दिल जीत लिया, परंतु वहां मौजूद बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ऐसे संगीत की प्रस्तुति पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि विद्यापति जी के नाम पर सांस्कृतिक आयोजन में इस प्रकार का संगीत प्रस्तुत करना कहीं से भी उचित नहीं है। आम जनमानस में कार्यक्रम को लेकर खूब चर्चा होती रही। मौक़े पर एसडीओ प्रियंका कुमारी, डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, धीरेंद्र सिंह, सीओ कुमार हर्ष, बीडीओ महताब अंसारी, दिनेश राय, मनोरंजन मिश्र, कपिलेश्वर कुवाँर, सतीश गिरी, नवल गिरी, चतुरानन गिरी, रामानन्द गिरी, भोला गिरी, थानाध्यक्ष फ़िरोज आलम आदि थे।

## खगड़िया होकर आनंदविहार तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

दैनिक बिहार पत्रिका/खगड़िया

खगड़िया होकर आनंदविहार तक अब पूजा स्पेशल ट्रेन दी गई है। जो दो ट्रिप चलाई जाएगी। रेलवे से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 05577 व 05578 सहरसा-आनन्दविहार- सहरसा स्पेशल ट्रेन से खगड़िया सहित कोशी इलाके के लोगों को वापस काम पर लौटने के लिए ये ट्रेन से सुविधा होगी। यह ट्रेन सहरसा से स्टेशन से आगामी 15 एवं 18 नवंबर को खुलेगी। जबकि आनंदविहार से आगामी 16 एवं 19 नवंबर को चलेगी। गाड़ी संख्या 05577 अप सहरसा आनंद विहार स्पेशल ट्रेन सहरसा से दोपहर 13:10 बजे प्रस्थान कर मानसी 14:15 बजे, खगड़िया 14:30 बजे रुकते हुए अगले दिन 13:00 बजे आनंदविहार टर्मिनल पहुंचेगी। जबकि गाड़ी संख्या 05578 डाउन आनंद विहार-सहरसा स्पेशल ट्रेन आनंद विहार से शाम 16:00 बजे खुलकर अगले शाम 16:58 बजे खगड़िया पहुंचेगी। जबकि मानसी 17:13 बजे रुकते हुए 19:00 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव सिमरीबख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद और गाजियाबाद दी गई है।

## सुरक्षा की थी चाक-चौबंद व्यवस्था, चौकस रहे अधिकारी



दैनिक बिहार पत्रिका/ समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** राजकीय महोत्सव को लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं कलाकारों की सुरक्षा के साथ-साथ आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात थे। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही थी। सुरक्षा के लिहाज से पूरे क्षेत्र को 28 सेक्टर में बांटा गया है तथा सभी जगह मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। प्रशासन के द्वारा उद्घाटन समारोह से पूर्व कार्यक्रम स्थल तक जाने वाली सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों के परिचालान पर रोक लगाई गई थी, वहीं बजरंगी चौक, माल गोदाम तथा विद्यापति स्मारक चौक के समीप पुलिस बल के द्वारा आने-जाने वाली गाड़ियों पर निगरानी रखी जा रही थी। थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि विद्यापति राजकीय महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा, इसके लिए जिला से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## बिपिन मिश्रा की शंख वादन से मनमुग्ध हुए श्रोता



दैनिक बिहार पत्रिका/ समस्तीपुर

**विद्यापतिनगर।** विद्यापतिधाम में आयोजित महोत्सव के अवसर के द्वितीय चरण में बिपिन मिश्रा की टीम ने लोगो का मन मोह लिया। इनके शंख वादन टीम के द्वारा किए गए शंख वादन ने उपस्थित श्रोताओं से खूब तालीया बटोरी। विद्यापति महोत्सव के कला मंच से शंख वादन सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

श्रद्धा में शंकर बादल को लेकर खूब चर्चा चलती रही।

## समस्तीपुर : 12वां विद्यापति राजकीय महोत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

### विद्यापति की रचनाएं आज भी प्रासंगिक : मंत्री

विकास कुमार पाण्डेय/समस्तीपुर



**विद्यापतिनगर।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को त्रिदिवसीय विद्यापति राजकीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार में जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया। इससे पूर्व विद्यापति के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। उद्घाटन से पूर्व आगत अतिथियों के द्वारा स्मारक चौक स्थित कवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पंडित वागीश झा, विजय गिरी, चंद्रास्वामी के द्वारा मंगलाचरण पाठ तथा विपिन मिश्रा के द्वारा शंखनाद किया गया, जिससे पूरा वातावरण अनुगुंजित हो उठा। वहीं विद्यापति हाई स्कूल की छात्रा दीप्ति ठाकुर एवं वर्षा कुमारी के नेतृत्व में संजना, गौरी, आस्था, जूली और वैष्णवी के द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। स्वागत दीप्ति ठाकुर, वर्षा कुमारी ने की।संबोधित करते हुए मंत्री विजय कुमार चौधरी ने ऐसे सुंदर कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विद्यापति महोत्सव न सिर्फ विद्यापतिनगर या समस्तीपुर का महोत्सव है, बल्कि यह पूरी दुनिया में मिथिलांचल की संस्कृति एवं परंपरा को पहुंचाता है। विद्यापति भक्ति और शृंगार रस के कवि ही नहीं बल्कि समाज सुधारक भी थे। उन्होंने कहा कि विद्यापति साहित्यकार ही नहीं बल्कि कूटनीतिज्ञ भी थे। कवि के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते मंत्री ने कहा कि धन्य है यह धरती जहां ऐसे विद्वान कवि ने अपने अंत समय में चुना है। यहां भक्त भगवान और माता गंगा भी आए थे, एसे स्थान पर विद्यापति परिषद द्वारा चालीस साल से स्थानीय लोगो के द्वारा समारोह किया जाता रहा जिसे नीतीश कुमार ने स्थानीय लोगो के प्रेरणा और मेरे प्रयास से राजकीय महोत्सव मनाने का दर्जा दिया गया। जिसके लिए यहां के लोग धन्यवाद के पात्र है। इससे पूर्व डीएम रौशन कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मैथिल कोकिल विद्यापति को महान विभूति बताया। इससे पूर्व जिला प्रशासन की ओर से आगत अतिथियों का स्वागत मिथिला पाग, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, मोमेंटो आदि दे कर स्वागत किया। तीन दिनों तक चलने वाले विद्यापति राजकीय महोत्सव को लेकर पूरे विद्यापतिधाम को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित तोरण द्वार एवं प्रकाश की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर हर जगह सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर पुलिस कप्तान अशोक मिश्रा, अपर समाहर्ता अजय तिवारी, कला सांस्कृतिक ज़िला प्रभारी जूली कुमारी, डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, अनुमंडलाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, अंचलाधिकारी कुमार हर्ष, सर्किल इंस्पेक्टर नीरज तिवारी, थानाध्यक्ष फिरोज आलम, जदयू प्रदेश सचिव धीरेन्द्र कुमार सिंह, गणेश गिरी कवि, सतीश गिरि के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नज़र इधर भी

### आग से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में किया गया प्रशिक्षित

दैनिक बिहारपत्रिका/ बांका



जिला पदाधिकारी बांका के निर्देश पर बांका जिला अंतर्गत सभी राइस मिलों के कर्मियों को अग्निशामक विभाग द्वारा आग से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दी जानी है। इसी क्रम में बुधवार को अग्निशामक पदाधिकारी द्वारा रजौन प्रखण्ड अन्तर्गत रजौन व्यापार मंडल राइस मिल एवं बौंसी प्रखण्ड अन्तर्गत दलिया पैक्स राइस मिल में जाकर वहां के कर्मियों को एवं मिल मालिकों को प्रयोग कर के आग से बचाव के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

### बाल दिवस पर दो दिवसीय टूर का किया गया आयोजन



दैनिक बिहारपत्रिका/ बांका

**बौंसी|** बाल दिवस के अवसर पर संत जोसेफ स्कूल हरिमोहरा में बच्चों के लिए दो दिवसीय टूर का आयोजन किया गया है। पहले दिन यानी आज 13/11/2024 को नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 के छात्र मंदार भ्रमण के लिए गए जहां उन्हें मंदार और उसके आस-पास के क्षेत्र के महत्व के बारे में जाना, बच्चों ने मंदार के प्राचीन इतिहास के बारे में जानने में काफी रुचि दिखाई इससे पहले छात्र कामधेनु मंदिर गए जहां उन्होंने स्वच्छता का प्रण लिए आसपास के क्षेत्रों का सफाई कार्य भी किया। छात्रों ने नाच-गाना बजाकर और खेलकूद कर के खूब आनंद लिया। प्रिंसिपल फादर जैकब, फ्रांसिस सर, आशीष सर और मोनू सर के साथ संबंधित कक्षा के शिक्षक छात्र के साथ मंदार टूर पर गए थे।

### जंगल से भटक कर आए हिरण को ग्रामीणों ने पकड़ा

दैनिक बिहारपत्रिका/ बांका

प्रखंड अंतर्गत डाड़ा पंचायत के सुपाहा गांव में बुधवार की सुबह ग्रामीणों की नजर हिरण पर पड़ी। जिसे देखने के लिए दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद उसकी रक्षा व सुरक्षा में ग्रामीण जुट गए और काफी मशक्कत के बाद मंटू मांझी, कैलू मांझी, बिपिन मांझी, महेंद्र मांझी, लड्डू कुमार समेत अन्य ने मिल कर पकड़ा। वहीं मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह उर्फ बाबू साहब पहुंचकर मामले की जानकारी वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी पहुंचकर हिरण को सुपाहा गांव से ले जाया गया।

### अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का किया गया आयोजन

दैनिक बिहारपत्रिका/ बांका

एन एच 333 ए बाई पास निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु मौजा कचमचिया के हितबद्ध रैयतों के बीच तहसील कचहरी, कचमचिया एवं मौजा कचमचिया बेला के हितबद्ध रैयतों के बीच तहसील कचहरी, कचमचिया में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रैयतों से प्राप्त कागजातों की समीक्षा की गई। संबंधित मौजा के रैयतों से अपील की गई कि आप सभी वांछित कागजात उपलब्ध कराएं ताकि भुगतान से संबंधित अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस दौरान अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, बांका, संबंधित अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## छपरा के डॉक्टर अमरेश को मुंबई में मिला अवार्ड

### बिहार के तीन समेत भारत के 30 चिकित्सकों का हुआ था चयन

दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा



• अवार्ड प्राप्त करते डॉक्टर अमरेश

जिले के मशहूर हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ प्रखंड के अटौली गांव निवासी डॉ अमरेश कुमार को चिकित्सा सेवा में बेहतर कार्य करने को लेकर मुंबई में महाराष्ट्र सरकार की स्वास्थ्य मंत्री व फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने चार चार अवार्ड्स देकर सम्मानित किया है। ह्यूमन राइट्स एण्ड सोशल अफेयर्स की तरफ से मुंबई के ताज होटल में आयोजित इस सम्मान समारोह के लिए बिहार के तीन चिकित्सकों समेत देश स्तर पर 30 चिकित्सकों का चयन किया गया था। स्वास्थ्य पर बेहतर स्पीच देने के लिए भी डॉ अमरेश को वहां सम्मानित किया गया। इसुआपुर के इस लाल को सम्मान मिलने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

स्थानीय विधायक जनक सिंह, वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, डॉ ददन प्रसाद सिंह, मुखिया अजय राय, धनंजय पांडेय, बिस्कोमान के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राजेश राय, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, अमरनाथ प्रसाद समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

## 'यहां कोई सरकार नहीं, चुनाव महागठबंधन के पक्ष में होगा'- अभय कुशवाहा

दैनिक बिहार पत्रिका /गया



**गया।** संसदीय दल राजद नेता सह औरंगाबाद सांसद ने अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पर अपना मतदान किया बिहार में बढ रहे अपराध और भ्रष्टाचार को कम करने और बेलागंज मे विकास और बढे इसके लिए साथ ही युवा को रोजगार मिले इसके लिए। मिडिया को बताया कि अभय कुशवाहा ने उपचुनाव को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि यह चुनाव महागठबंधन के पक्ष में होगा।उन्होंने कहा कि हर कोई वर्तमान सरकार से परेशान है। अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। लोग बिजली बिल, भूमि सर्वेक्षण से परेशान हैं, यहां कोई सरकार नहीं है। इसलिए महागठबंधन को वोट करे सभी मतदाताओं से अपिल भी की है।

## बधिर खेल सॉन्ग ऑफ गया के द्वारा द्वितीय चुनाव पद घोषित किया गया

दैनिक बिहार पत्रिका/ गया

बधिर खेल संघ गया के द्वारा द्वितीय जेनरल मिटिग बॉडी और द्वितीय चुनाव स्थान कोमल मार्बल एण्ड टडल्स सुधा टाकिज के सामने लक्खीबाग मानपुर गया बिहार में किया गया,बधिर खेल संध ऑफ इंडिया गया के द्वारा द्वितीय चुनाव पद के घोषित अध्यक्ष जय किशन कुमार उपाध्यक्ष सुमित सुमन महासचिव प्रदुम्न सिंह, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार सदस्य कार्यकारिणी अमित कुमार मोहम्मद मलिन अहमद, सुभाष चक्रवर्ती, राजीव कुमार राखी कुमारी, को बिहार बधिर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार रिटिंग कार्यालय एवं महासचिव मो अतहर अली ने चुनाव कार्यालय के उपस्थित मे सम्पन्न हुआ है।

# 161 कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य एवं 2 मंदिर चाहरदीवारी कार्य पूर्ण

**दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका**



जिला योजना पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय वेश्म में कब्रिस्तान घेराबंदी तथा मंदिर चाहरदीवारी योजना, सामुदायिक भवन सह वर्क शेड निर्माण योजना, पशु चिकित्सालय जीर्णोद्धार योजना तथा स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। कब्रिस्तान घेराबंदी की समीक्षा के क्रम में सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण, बांका द्वारा बताया गया कि बांका जिला हेतु चयनित सभी 161 कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य एवं 2 मंदिर चाहरदीवारी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। सामुदायिक भवन-सह- वर्कशेड के समीक्षा के क्रम में सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण, बांका द्वारा बताया गया कि शेष 15 योजनाओं में से एक योजना को पूर्ण कर लिया गया है 14 योजना की कार्य प्रगति पर है। पशु चिकित्सालय जीर्णोद्धार योजना के तहत कुल 10 में से 5 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि शेष योजनाओं को स-समय पूर्ण करें। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत सभी अपूर्ण योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा जमीनी विवाद से संबंधित योजनाओं हेतु संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, बांका, अवर योजना पदाधिकारी बांका तथा अन्य उपस्थित थे।

# पूर्वार्जित ज्ञान प्रमाणन बैच का किया गया उद्घाटन

**दैनिक बिहार पत्रिका/ बांका**




जिला पदाधिकारी, बांका के निर्देश पर बांका जिला अंतर्गत किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जहां एक तरफ वे खेती किसानी में नए-नए तकनीक से अवगत हो रहे हैं वहीं उन्हें खेती के साथ-साथ उनका आमदनी बढ़ाने के अन्य तरीकों से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। आत्मा बांका द्वारा योजना के तहत किसानों के छोटे छोटे समूहों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि वे खुद खेती सिखे और अपने आसपास के किसानों को भी खेती के नए-नए तकनीक से अवगत कराऐ। इसी क्रम में बुधवार को आत्मा बांका द्वारा पूर्वार्जित ज्ञान प्रमाणन बैच का उद्घाटन किया गया। कृषि प्रसार सेवा प्रदाता के शीर्षक पर इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है एवं ये सत्र कुल दस दिनों के लिए चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कुल तीस प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे है । प्रशिक्षण मे उन्हे कृषि से जुड़े विभिन्न अवयवो के बारे मे वरिस्तृत जानकारी दी जाएगी । प्रशिक्षण उपरान्त् ये सभी अपने अपने पंचायतो मे जाकर कृषि का प्रसार करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम क उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी महोदय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमे सहायक निदेशक उद्यान, जिला गव्य पदाधिकारी बांका, उप परियोजना निदेशक बांका , सहायक निदेशक कृषि अभियन्त्रण ने भाग लिया। सभी प्रखंडों से कृषक इसमें भाग ले रहे है एवं लाभ पा रहे है। कृषि विभाग मे चल रहे योजनाओं के बारे मे भी सभी प्रशिक्षुओं को बताया जाएगा। कृषि एवं कृषि सम्बद्ध अन्य क्षेत्रों मे हो रहे उन्नत कार्य के बारे मे भी बताया जायेगा।

# आपदा मित्र ने अंचलाधिकारी से सुनाई अपनी व्यथा



**दैनिक बिहार पत्रिका/बांका**

**फुल्लीडुमर|**प्रखंड के आपदा मित्रो को बिते वर्ष छठ पुजा एवं इस बार छठ पुजा में विभिन्न छठ घाटो पर सुरक्षा हेतु कार्य के लगाया गया था। लेकिन आपदा मित्रो को अभी तक पारिश्रमिक नही मिलने से निराश है।इस बाबत प्रखंड के सभी आपदा मित्रो ने बुधवार को अंचलाधिकारी मनोज कुमार को अपनी अपनी व्यथा सुनाए। जहां अंतलाधिकारी ने सभी को आधार कार्ड कि छायाप्रति जमा लेकर जिला आपदा बिभाग भेजने का बात कही।

# विभिन्न योजना के लाभुकों का किया गया भौतिक सत्यापन




**दैनिक बिहार पत्रिका/बांका**

जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल कुमार के निर्देश पर उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा - प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्यम उन्नयन योजना,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन उद्योग विभाग के पदाधिकारियों - महाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी द्वारा किया गया। उक्त योजनाओं का भौतिक सत्यापन में बांका जिले के विभिन्न प्रखंडो यथा - बांका सदर, कटोरीआ, चांदन, शम्भूगंज,बराहाट फुल्लिडुमर इत्यादि में किया गया है शेष सभी प्रखंडो में भी ये जारी रहेगा।






## ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की राज्यपाल ने सीएम ममता से मांगी रिपोर्ट

### -आरोपी संजय रॉय ने पूर्व पुलिस आयुक्त गोयल पर लगाए हैं गंभीर आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में ममता सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। यह मामला तब चर्चा में आया जब मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल पर गंभीर आरोप लगाए गए। 11 नवंबर को सियालदह कोर्ट में पेशी के बाद संजय रॉय ने पुलिस वैन से बाहर आकर चिल्लाकर कहा था कि इस पूरी घटना की साजिश कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने रची है। संजय रॉय ने आरोप लगाया कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। संजय रॉय ने इससे पहले 4 नवंबर को भी दावा किया था कि ममता सरकार उसे झूठे आरोपों में फंसा रही है और उसे चुप रहने की धमकी दी गई है। यह आरोप पुलिस और राज्य सरकार के लिए चुनौती बन गए हैं। जूनियर डॉक्टरों के विरोध के बाद ममता सरकार ने 17 सितंबर को विनीत गोयल को पुलिस कमिश्नर पद से हटा दिया था। इस मामले में गोयल की भूमिका की जांच जारी है। संजय रॉय द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद राज्यपाल ने सीएम से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिससे मामले की गंभीरता और सत्यता का पता चल सके। राज्यपाल ने इस घटनाक्रम के बाद ममता सरकार से जल्द रिपोर्ट देने की अपील की है, ताकि आरोपों की जांच की जा सके और मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके।

## फिर पटरी से उतरे मालगाड़ी के 11 डिब्बे, 37 ट्रेनें रद्द, मरम्मत कार्य जारी

पेद्दापल्ली। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में एक मालगाड़ी के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना राघवपुरम और रामागुंडम के बीच उस समय हुई, जब मालगाड़ी लौह अयस्क लेकर जा रही थी। जानकारी के मुताबिक यह हादसा रात करीब 10 बजे हुआ और इस हादसे के चलते यातायात प्रभावित हो गया। 37 ट्रेनें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द, डायवर्ट या रीशेड्यूल भी किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है, ताकि जल्द से जल्द ट्रैक को साफ किया जा सके और ट्रेनों का संचालन फिर से चालू किया जा सके। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना के बाद से ट्रैक की मरम्मत का काम चल रहा है। साथ ही ट्रेन सेवाओं की बहाली के लिए सभी जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और मार्ग की जानकारी जरुर हासिल कर लें। रेलवे पुलिस और एजेंसियां घटना के कारणों की जांच कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने का कारण तकनीकी खराबी या अन्य दुर्घटना हो सकती है, लेकिन जांच के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

## बिहार के लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार को लखीसराय जिले में एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पीरी बाजार इलाके से गिरफ्तार की गई नक्सली की पहचान जमुई जिले की रहने वाली पंचू कोड़ा के रूप में हुई है। एसटीएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने पीरी बाजार इलाके में एक परिसर में तलाशी ली और पंचू कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। मुंगेर और लखीसराय जिलों में सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ हिंसक घटनाओं में कथित भूमिका के लिए वह वांछित थी।'' बयान में कहा गया, ''मुंगेर और लखीसराय जिलों में शस्त्र अधिनियम से जुड़े कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। उससे पूछताछ जारी है।'' एक अलग घटना में, हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में वांछित मोहम्मद परवेज उर्फ मंटा को मंगलवार को मधेपुरा जिले से गिरफ्तार किया गया। उसपर पुलिस ने 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ ने मंगलवार को मधेपुरा के पुरैनी इलाके से मंटा को गिरफ्तार किया। बयान में कहा गया है कि मधेपुरा निवासी मंटा की पुलिस को हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज कई मामलों में तलाश थी।

## ईसाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वालों पर डेढ़ साल बाद एफआईआर

### -पोप के अपमान पर हाईकोर्ट ने दिया पुलिस को निर्देश

अहमदाबाद। मेहसाणा जिले के कादी में ईसाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने और पोप का अपमान करने वालों के खिलाफ डेढ़ साल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह एफआईआर गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। कादी पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने और दो समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के इरादे से दुर्भावनापूर्ण कार्य के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 295ए और 153ए के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि 15 अक्टूबर को न्यायमूर्ति संदीप भट्ट ने आदेश दिया था कि संबंधित मामले की अधिकारी चार सप्ताह में जांच कर निर्णय लेंगे। इसके दो सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को जानकारी भी देंगे।

**क्या है मामला -**

अप्रैल 2023 में वडोदरा की एक नन मंजुला तुस्कानो ने अधिवक्ता उत्कर्ष दवे के माध्यम से एक एफआईआर दर्ज करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए विश्व हिंदू परिषद द्वारा कादी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ननों और पोप पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए एक अज्ञात वक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। करीब 100 ननों ने वक्ता के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की थी, जिसे ईसाइयों के खिलाफ कथित घृणास्पद भाषण देते हुए एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है। ननों के अनुसार, पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाया था।

# कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है: भाजपा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि वह वोट हासिल करने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है, देश को बांटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी।

प्रसाद ने नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी चुनावों के लिए राष्ट्रीय एकता के विरोधी संगठन के साथ गठबंधन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट लेने के लिए देश को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नारे एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे को जरूरी बताते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सफाया हो रहा है। कांग्रेस ओबीसी और दलितों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहती है लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में वहां की कांग्रेस सरकार पब्लिक टेंडर में मुस्लिमों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने का फैसला लिया है। धर्म के नाम पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वोट बैंक के नाम पर कांग्रेस देश को तोड़ने का काम कर रही है। देश को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

**घुसपैठिये के बहाने डराया धमकाया जा रहा**

उन्होंने दावा किया कि जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा, छोटा नागपुर ने फरमान जारी किया है कि मौजूदा मुल्क के हालात को देखते हुए मरकजी हुकूमत का मुसलमानों के ताल्लुक में जो रवैया है और जिस प्रकार मुसलमानों को एनआरसी, यूसीसी और वक्फ कानून लेकर घुसपैठिये के बहाने डराया धमकाया जा रहा है। उस सिलसिले में जमीयत ए उलेमा, झारखंड से मशवरे के बाद जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा मूसलमानों से अपील करती है कि मुसलमान एक होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना वोट दें। भाजपा नेता ने कहा कि ये झारखंड और महाराष्ट्र की कहानी है। उन्होंने कहा कि ये सारी जमात वही है, जिसने तीन तलाक का भी विरोध किया था। इतने सालों के बाद आज भी कांग्रेस पार्टी न कुछ समझती है और न सुधरती है, बल्कि ऐसे तत्वों के बहाने ही चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है। प्रसाद ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे। कांग्रेस इस पर कटाक्ष करती है, चुनाव आयोग में जाती है। एकता से इन्हें परेशानी है, लेकिन देश को तोड़ने वाली ताकतों का खुला समर्थन लेते हैं। यही कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सच्चाई है।

## मोदी सरकार हर भारतवासी के स्वास्थ्य के लिए 4 सूत्रों पर काम कर रही : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर । राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा है कि हम सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी कड़ी में जोबनेर में 4.66 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सा सेवाएं शुरू हो गई हैं। इससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बहुत लाभ होगा। कर्नल राठौड़ का क्षेत्रीय जनता ने इसके लिए आभार जताया है। राठौड़ ने कहा, हम जनता की सेवा और सुविधाओं के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने वाले है। यह हमारा वादा है और हम अपने हर वादे पूरे कर रहे हैं। कर्नल राठौड़ ने कहा, मोदी सरकार हर भारतवासी के स्वास्थ्य के लिए 4 सूत्रों पर काम कर रही है। पहला काम हैं, सभी को बीमार होने से बचाना। दूसरा काम हैं, बीमारी की स्थिति में सस्ता और अच्छा इलाज मुहैया करना। तीसरा काम मोदी सरकार कर रही हैं कि बेहतर और आधुनिक अस्पताल, पर्याप्त संख्या में अच्छे डॉक्टर इलाज करे। चौथा काम कर रही हैं कि मिशन मोड पर काम करके चुनौतियों को सुलझाना। कर्नल राठौड़ ने कहा, चाहे आयुष्मान भारत योजना हो,पीएससी, सीएचसी से लेकर वेलनेस सेंटर को मजबूत बनाना हो, योग से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना हो, या मेडिकल क्षेत्र में सीटों को बढ़ाना हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत कर देश के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है।



## तमिलनाडु में भारी बारिश के बाद, डेंगू, इन्फ्लूएंजा और वायरल संक्रमण में वृद्धि

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारी बारिश के बीच तमिलनाडु के कई जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, इन्फ्लूएंजा और वायरल संक्रमण में वृद्धि संबंधी चेतावनी जारी कर दी है। राजधानी सहित कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में बुखार, श्वसन संक्रमण और वायरल रोगों के मामलों में वृद्धि देखी गई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस की रिपोर्ट भी सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग ने निवासियों से विशेष रूप से बच्चों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तेज बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द और सिरदर्द जैसे लक्षणों पर ध्यान देने की सलाह दी है। इस तरह के लक्षण अगर आपको दिखाई दें, तब तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। चेन्नई के एक निजी अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि अगर बच्चों में देखी जाने वाली सूखी खांसी अक्सर दो सप्ताह से अधिक समय तक बनी रहती है, जो वायरल संक्रमण का संकेत है। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत के बाद से बुखार, सिरदर्द और गले के संक्रमण के मामलों में ठीक ठाक वृद्धि देखने को मिल रही है।

डॉक्टर ने बताया कि बुखार उतरने के बाद भी गले में संक्रमण बना रह सकता है और श्वसन, किडनी या लीवर की समस्या जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। बाहर खाने और पानी पीने से भी बचने की सलाह दी है, क्योंकि बरसात के मौसम में टाइफाइड जैसी जीवाणु संबंधी बीमारियां आसानी से फैल सकती हैं। डाक्टर ने माता-पिता को सलाह दी कि वह अपने बच?चों को केवल साफ और उबला हुआ पानी ही पीने दें।

जनवरी 2024 से तमिलनाडु में डेंगू के 18,000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निवासियों से मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए अपने घरों के आस-पास जमा पानी को साफ करने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने बताया कि विभाग दस जिलों चेन्नई, कोयंबटूर, कृष्णगिरि, तिरुप्पुर, तिरुवल्लूर, थेनी, मदुरै, तिरुनेलवेली, तंजावुर और तिरुचि में विशेष रूप से नजर बनाए हुए है। यहां से 57 फीसदी मामले सामने दर्ज किए गए हैं।

# महाराष्ट्र चुनाव : पीएम मोदी और भाजपा से पूछे जयराम रमेश ने सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी के महासचिव संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने पहले झारखंड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तीन सवाल पूछे थे इस बार उन्होंने महाराष्ट्र को लेकर सवाल पूछे। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से पीएम मोदी से 3 सवाल किये।

वर्ष 2006 में कांग्रेस ने क्रांतिकारी वन अधिकार अधिनियम पारित किया था। इस कानून ने आदिवासियों और वन में रहने वाले अन्य समुदायों को अपने खुद के जंगलों का प्रबंधन करने और उनसे प्राप्त उपज से आर्थिक रूप से लाभ उठाने का कानूनी अधिकार दिया था। लेकिन भाजपा सरकार इसके कार्यान्वयन में बाधा डालती रही है, जिससे लाखों आदिवासी इसके लाभों से वंचित हो रहे हैं। महाराष्ट्र में कुल फाइल किए गए 4 लाख 01 हजार 46 व्यक्तिगत क्लेम्स में से केवल 52 प्रतिशत (2,06,620 क्लेम्स) मंजूर किए गए हैं। वहीं इसके तहत वितरित की गई भूमि, स्वामित्व सामुदायिक अधिकारों के लिए पात्र 50,045 वर्ग किलोमीटर का केवल 23.5 प्रतिशत (11,769 वर्ग किलोमीटर) है। महाराष्ट्र में भाजपा सरकार राज्य के आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार देने में क्यों विफल रही है?

सतारा, सांगली और सोलापुर में पीने के पानी की कमी की समस्या हाल के वर्षों में और गम्भीर हो गई है। मार्च और अप्रैल के बीच, सांगली में टैंकरों की आवश्यकता 13 प्रतिशत, सतारा में 31प्रतिशत और सोलापुर में 84 प्रतिशत बढ़ गई। क्षेत्र के बांध, तालाब और झीलें चिंताजनक रूप से तेज़ी से सूख रहे हैं। सोलापुर में हालात सबसे ज़्यादा ख़राब हैं। शहर के पानी के मुख्य स्रोत, उजानी बांध में पानी की आपूर्ति शून्य से नीचे गिर गई, और बांध में डेड स्टोरेज पर निर्भर रहा। स्थिति इतनी ख़राब हो गई कि सोलापुर नगर निगम को अब बारी-बारी से पीने के पानी की आपूर्ति करनी पड़ी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पांच से आठ दिनों के अंतराल पर पानी मिल रहा था। भाजपा ने उन हज़ारों लोगों की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ क्यों किया है जो पानी की कमी से जूझते हैं? क्या इस स्थिति को सुधारने के लिए उनके पास कोई ठोस योजना है?

महाराष्ट्र में एक दिन में औसतन सात किसान अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। दिल दहला देने वाला यह आंकड़ा किसी और की तरफ़ से नहीं बल्कि राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री की ओर से आया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल जनवरी से अक्टूबर के बीच 2,366 किसानों की आत्महत्या से मौत हुई। कारण स्पष्ट हैं- पिछले साल 60 प्रतिशत ज़िलों को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ा लेकिन सरकार से कोई मदद नहीं मिली। पिछले साल 60 फ़ीसदी ज़िलों में सूखे की स्थिति थी लेकिन सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली। जब राज्य के आधे से ज़्यादा हिस्से में बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद हो गईं, तो किसानों को क़र्ज़ माफी की सुविधा दी गई, लेकिन सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण 6.56 लाख किसान इस राहत से वंचित रह गए। इस तरह की उदासीनता और लापरवाही के सामने कांग्रेस लगातार स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के अनुसार एमएसपी, क़र्ज़ माफ़ी के लिए एक स्थायी ऋण आयोग की स्थापना का और 30 दिनों के भीतर सभी फ़सल बीमा क्लेम्स के निपटान की गारंटी की गारंटी की बात करती रही है। महाराष्ट्र में भी हमने 'कृषि समृद्धि' की गारंटी दी है। इसके तहत किसानों के 3 लाख रुपए तक के क़र्ज़ माफ़ किए जाएंगे और नियमित ऋण भुगतान करने पर 50 हज़ार रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। महाराष्ट्र और भारत के किसानों की बेहतरी के लिए भाजपा के पास क्या विज़न क्या है?

## भाजपा ने शेयर किया देवेंद्र फडणवीस के बैग की चेकिंग का वीडियो, कहा- संविधान का दिखावा करता है विपक्ष



**मुंबई(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने नेता देवेंद्र फडणवीस का एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो एक एयरपोर्ट का है जिसमें दिखाया गया है कि फडणवीस का बैग चेक किया जा रहा है। भाजपा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह केवल संविधान की किताब हाथ में लेकर दिखावा करते हैं।

भाजपा महाराष्ट्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एयरपोर्ट का वीडियो शेयर किया और बताया कि 7 नवंबर को यवतमाल ज़िले में देवेंद्र फडणवीस का बैग चेक किया गया। लेकिन उन्होंने न तो इसका कोई वीडियो बनाया, न ही किसी तरह का हंगामा किया। इससे पहले, 5 नवंबर को कोल्हापुर हवाई अड्डे पर भी देवेंद्र फडणवीस का बैग चेक किया गया था। (यह वीडियो 5 नवंबर का है।) भाजपा ने पोस्ट में आगे कहा कि सिर्फ संविधान की बातें करना ही नहीं, बल्कि संविधान के प्रावधानों का पालन करना भी ज़रूरी है। हमारी बस इतनी सी गुज़ारिश है कि हर किसी को संविधान का सम्मान और पालन करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने एयरपोर्ट पर चुनाव आयोग के कर्मचारियों द्वारा उद्धव ठाकरे के बैग चेक करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था, आप हमारा सामान चेक कीजिए, लेकिन देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हेलीकॉप्टर और उनकी गाड़ियों के काफिले को रोककर जांच करते हो क्या?

रिपोर्ट के अनुसार, उद्धव ठाकरे राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को यवतमाल जिले के वाणी में संजय देरकर के प्रचार के लिए पहुंचे थे। हेलीकॉप्टर से उतरते ही चुनाव आयोग के कर्मचारियों ने उनका बैग चेक किया, जिसको लेकर महाराष्ट्र की सियासत गरमाई हुई है। इस दौरान, उद्धव ठाकरे ने कहा था, 'मेरे बैग की जांच की जा रही है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मेरा सीधा-सा सवाल है कि क्या कभी इस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बैग की जांच की गई है?' ज्ञात हो कि महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे और नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को होगी।

## सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जल निकाय पर अनाधिकृत कब्जे पर जारी रहेगा बुलडोजर एक्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी या दोषी का घर नहीं गिराया जा सकता है, यह किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं होगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बिना सुनवाई आरोपी को दोषी नहीं करार दे सकते है।

अब सवाल उठ रहा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बुलडोजर एक्शन पर पूरी तरह से बंद हो जाएगा। लेकिन हम आपकों बता रहे हैं कि किस तरह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बताए गए निर्देश नहीं लागू होने वाले है। बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जल निकाय पर अनाधिकृत कब्जे पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश लागू नहीं होने वाले है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम साफ करते हैं कि ये निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होने वाले हैं, जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन से सटे या किसी नदी या जल निकाय जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई अनाधिकृत संरचना है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज का फैसला उन मामलों में भी लागू नहीं होंगा, जहां न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अधिकारियों को बताया जाना चाहिए कि अगर बुलडोजर एक्शन कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन पाया जाएगा,तब संबंधित अधिकारियों को नुकसान के भुगतान के अलावा ध्वस्त की गई संपत्ति की प्रतिपूर्ति के लिए अपने व्यक्तिगत खर्च पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# अंतरिक्ष से दिखा दिल्ली का बढ़ता प्रदूषण, नासा ने भेजी तस्वीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी एजेंसी नासा ने सैटेलाइट के जरिए अंतरिक्ष से दिल्ली के खतरनाक प्रदूषण और पंजाब और हरियाणा में भीषण आग की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को दिल्ली एनसीआर के वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। दिल्ली एनसीआर में इस समय लोग खतरनाक वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। यहां हवा काफी खराब है।

बता दें कि दिल्ली में जैसे-जैसे तापमान गिरता है, वैसे वायु की गुणवत्ता खराब होने लगती है। पराली को रोकने के लिए काफी प्रयासों के बावजूद इस साल भी पराले जलने जैसी घटनाएं आम हैं। दिल्ली में प्रदूषण के बीच नासा के लाइव फायर मैप में पंजाब और हरियाणा में भीषण आग दिखाई दे रही है और इन इलाकों में प्रदूषण भी हो रहा है। इस साल भी अक्टूबर के अंत और नवंबर के पहले सप्ताह में नासा के उपग्रहों ने सिंधु-गंगा के मैदान में आग लगने और धुएं के गुबार पता लगाया है। पराली से पंजाब के घनी आबादी वाले इलाके, उत्तर भारत और पाकिस्तान प्रभावित होते हैं। पंजाब के किसान अक्सर खेतों को गेहूं की फसल के लिए तैयार करने के लिए धान के अवशेषों को जला देते हैं। इससे बहुत ज्यादा प्रदूषण फैलता है।

**कई जगह एक्यूआई 400 से अधिक**

केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 6 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 349 अंक रहा है, जबकि गाजियाबाद में 276, ग्रेटर नोएडा में 289 और नोएडा में 269 अंक है। दिल्ली के आया नगर में सबसे अधिक 406 एक्यूआई है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली के अधिकतर इलाकों में सुबह 6 बजे तक एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच रहा है।





# सिद्धार्थ की मिस यू की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा, निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर किया जारी

**साउथ अभिनेता सिद्धार्थ इन दिनों मिस यू फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ समय पहले इस फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई थी, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया था। वहीं, इस फिल्म के निर्माताओं ने अब इसकी रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर जारी कर प्रशंसकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।**

सिद्धार्थ आखिरी बार कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में नजर आए थे। वहीं, अभिनेता सिद्धार्थ अब मिस यू फिल्म में अभिनय करेंगे। निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म 29 नवंबर को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्देशन राजशेखर ने किया है।

## फिल्म के कलाकार

फिल्म के तकनीकी दल में घिबरन शामिल हैं, जो संगीत देंगे और केजी वेंकटेश कैमरा संभालेंगे। दिनेश पोनराज ने फिल्म का संपादन किया है, जबकि संवाद अशोक आर ने लिखे हैं। 7 माइल्स पर सेकंड मिस यू को वित्तपोषित कर रहा है। फिल्म में सिद्धार्थ के अलावा, आशिका रंगनाथ, करुणाकरण, बाला सरवनन, लोल्लू सभा मारन और अन्य कलाकार भी हैं। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की कहानी का खुलासा नहीं किया है, लेकिन मिस यू को एक हल्का-फुल्का ड्रामा बताया जा रहा है। फिल्म के बारे में और जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

## सिद्धार्थ की आगामी फिल्में

सिद्धार्थ द टेस्ट का भी हिस्सा हैं, जिसमें नयनतारा, आर माधवन और मीरा जैस्मीन भी हैं। इसका निर्देशन निर्माता से फिल्म निर्माता बने शशिकांत ने किया है। रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। सिद्धार्थ के पास निर्देशक श्री गणेश के साथ एक फिल्म भी है, जो अभी निर्माणाधीन है। अभिनेता सरथकुमार, देवयानी, चैत्र जे अचार और मीठा रघुनाथ प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# कियारा ने राम चरण संग दूसरी बार किया अभिनय

कियारा आडवाणी के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं, उनके पास काम की कोई कमी नहीं है। वह हिंदी फिल्मों के अलावा दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी खूब नजर आ रही हैं। अगले साल की शुरुआत में उनकी एक तेलुगू फिल्म गेम चेंजर रिलीज होगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ रोमांस करती हुई नजर आएंगी। इसी फिल्म के एक टीचर इवेंट के लिए कियारा लखनऊ पहुंची हैं।

## नवाबों के शहर में कियारा

लखनऊ यानी नवाबों के शहर में आकर कियारा काफी खुश नजर आईं। वह सीधा इवेंट वाली जगह पर पहुंची। वहीं राम चरण को भी लखनऊ के लिए रवाना होते हुए देखा गया, पैपराजी ने उनकी एयरपोर्ट पर तस्वीरें खींची और वीडियो भी बनाए, जो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। जल्द ही कियारा और राम चरण लखनऊ में साथ नजर आएंगे।

## गेम चेंजर है साथ में दूसरी फिल्म

यह पहली बार नहीं है कि कियारा ने राम चरण के साथ कोई फिल्म की हो, वह इससे पहले भी उनके साथ काम कर चुकी हैं। साल 2019 में आई एक फिल्म विनाया विधेया रामा में भी दोनों ने साथ में अभिनय किया। अब यह दोनों गेम चेंजर में दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में कियारा, राम चरण के साथ रोमांस करती हुई नजर आएंगी। वैसे कियारा एक कन्नड़ फिल्म में भी अगले साल नजर आएंगी।

## वॉर-2 में भी निभाएंगी दमदार किरदार

सिर्फ दक्षिण भारतीय फिल्में ही अगले साल कियारा की नहीं आएंगी। वह हिंदी फिल्म वॉर-2 में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है।

# साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी कृति सेनन





बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों दो पत्ती में अपनी अदाकारी के लिए मिल रही सराहना का लुत्फ उठा रही हैं। इस थ्रिलर फिल्म में कृति अभिनेत्री काजोल के साथ नजर आई हैं। वहीं, अब बीच अब कृति को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो उनकी नई फिल्म से जुड़ी हुई है।

दरअसल, कृति सेनन साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी। अब इस फिल्म को लेकर दिलचस्प अपडेट सामने आया है। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित तेरे इश्क में फिल्म के लिए कृति सेनन बेहद उत्साहित हैं। तेरे इश्क में वह धनुष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए प्रशंसक भी उत्साहित हैं। वहीं, अब खबर आई है कि कृति सेनन ने इस फिल्म के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म का निर्माण अक्तूबर 2024 में शुरू होना था और 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना थी, इसलिए तेरे इश्क में का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हिमांशु शर्मा और नीरज यादव द्वारा लिखित इस फिल्म का निर्माण कलर येलो प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। अब कृति अपनी किरदार के लिए खास तैयारियों में जुटी हुई हैं। 2013 में रांझणा की सफलता के बाद निर्देशक आनंद एल राय और अभिनेता धनुष एक बार फिर तेरे इश्क में नाम की एक और रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आए हैं। एक साल पहले एक विशेष वीडियो के साथ इसकी घोषणा की गई थी। कृति सेनन और धनुष दोनों पहले भी निर्देशक आनंद एल राय के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## अगले साल रिलीज होगी फिल्म

कृति सेनन ने कुछ महीने पहले आनंद एल राय से कहानी सुनी थी और इस एक्शन लव स्टोरी की दुनिया में उतरने में दिलचस्पी दिखाई है। कहानी के अलावा, अभिनेत्री को अपने किरदार का आर्क और कहानी में उसके बदलने का तरीका भी पसंद आया है। यह फिल्म फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

# गोलमाल 5 के बाद अजय देवगन ने धमाल 4 और तानाजी 2 पर लगाई मुहर, शूटिंग पर भी दिया अपडेट



अजय देवगन कई सीक्वल फिल्म का हिस्सा हैं, जो आने वाले महीनों में रिलीज होंगे। इस समय अभिनेता सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अजय के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं, जिस पर वे अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे सन ऑफ सरदार 2, दे दे प्यार दे 2, शैतान 2 और तानाजी 2 पर काम कर रहे हैं। वहीं, अब अजय देवन ने अपनी इन फिल्मों पर दिलचस्प जानकारी साझा की है और बताया है कि इन सीक्वल पर काम कहां तक पहुंचा है।

## अजय की फिल्मों के सीक्वल

अजय देवगन ने बताया कि सभी फिल्मों के सीक्वल पर काम चल रहा है। अजय देवगन सन ऑफ सरदार 2 के साथ-साथ दे दे प्यार दे 2 और रेड 2 की भी शूटिंग कर रहे हैं। रेड 2 को 21 फरवरी को रिलीज किया जाना है, जबकि दे दे प्यार दे 2 को 1 मई को रिलीज किया जाएगा। सन ऑफ सरदार 2 की अभी तक कोई रिलीज डेट तय नहीं हुई है, लेकिन इसके भी अगले साल रिलीज होने की उम्मीद है।

## धमाल 4 पर काम कर रहे निर्माता

ऐसी खबरें थीं कि अजय धमाल 3 यानी टोटल धमाल के बाद धमाल 4 के लिए वापसी कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, अजय ने इस बारे में भी जानकारी साझा की। अजय ने बताया कि वह एडवेंचर कॉमेडी का हिस्सा हैं और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। वहीं, अजय देवगन ने तानाजी के सीक्वल के बारे में बात की।

## तानाजी का सीक्वल भी आएगा

यह देखते हुए कि तानाजी- द अनसंग वॉरियर भी एक बड़ी हिट थी, लोगों के मन में एक सवाल था कि क्या इसका सीक्वल होगा? अजय ने पुष्टि की कि निर्माता कुछ पर काम कर रहे हैं, इस प्रकार फिल्म के सीक्वल की ओर भी इशारा किया। इससे पहले रोहित शेट्टी ने अजय देवगन के साथ गोलमाल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त की भी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे अजय देवगन के साथ गोलमाल 5 पर काम करेंगे। इस बीच रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन सिनेमाघरों में चल रही है। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और सलमान खान भी मुख्य भूमिका में हैं।



# अपने तलाक को लेकर बोलीं ईशा कोप्पिकर

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने टिम्मी नारंग से नवंबर 2023 में तलाक ले लिया। शादी के 14 साल बाद तलाक लेने के इस निर्णय को ईशा ने कठिन बताया है। एक इंटरव्यू के दौरान ईशा ने अपने तलाक को लेकर बात की है। ईशा ने कहा कि उन्हें लगता था कि टिम्मी उनसे अलग होने चाहते हैं इसलिए उन्होंने भी एक स्टेप पीछे ले लिया। उन्होंने तलाक के बारे में खुलकर बात की। ईशा ने कहा कि वे बस एक बात से परेशान थीं क्योंकि उन्हें यह गैरजिम्मेदाराना लगा क्योंकि ने नहीं जानती थीं कि उनकी बेटी रिआना इसे स्वीकार पाएंगी या नहीं।

## जियो और जीने दो पर करती हैं विश्वास

ईशा कोप्पिकर ने टिम्मी के अलग होने के बारे बात की है। बॉम्बे टाइम्स की रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने कहा कि वे ठीक से बता नहीं सकती कि क्या गलत हुआ लेकिन उन्हें लगा कि बस दोनों कुछ अलग हो गए थे। ईशा ने कहा कि वे जो सबसे अच्छा कर सकती थीं, उन्होंने वही किया। ईशा जियो और जीने दो की बात पर विश्वास करती हैं।

## बेटी को तलाक के बारे में बताना चाहती थीं ईशा

अभिनेत्री ने कहा, यह बहुत गैरजिम्मेदाराना था क्योंकि मैं चाहती थी कि रिआना को इस बारे में धीरे-धीरे बताया जाए। मैं इस मुद्दे को अलग तरीके से उसके सामने लाना चाहती थी, लेकिन इससे पहले ही उसने इस बारे में बात कर दी। बाद में टिम्मी को भी इस बात का एहसास हुआ और उसने इस बारे में माफी भी मांगी। बात करें वर्कफ्रंट की तो ईशा इंडस्ट्री में वापस लौट आई हैं। ईशा ने बताया कि लोग इनके काम जारी रखने की बात को नहीं जानते थे। सभी का मानना है कि अगर एक्ट्रेस किसी बिजनेसमैन से शादी कर लेती है, तो वह काम नहीं करना चाहती हैं।



# रिबेल स्टार प्रभास ने होम्बले फिल्म्स के साथ साइन की तीन फिल्में, सालार 2 से होगी शुरुआत

**फिल्म कल्कि 2898 एडी से दर्शकों का दिल जीत चुके साउथ के सुपरस्टार प्रभास ने अपनी कई फिल्मों से अभी तक कई रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। नई मिली जानकारी के अनुसार, प्रभास ने होम्बले फिल्मस के साथ तीन फिल्मों का कान्ट्रेक्ट कर लिया है। जिसमें सबसे पहले प्रभास की फिल्म सालार 2 शामिल है।**

## होम्बले फिल्म्स का एक्स पोस्ट

होम्बले फिल्म्स ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया और लिखा, हमें रिबेल स्टार प्रभास के साथ एक शानदार तीन-फिल्म साझेदारी में एकजुट होने पर गर्व है, जो भारतीय सिनेमा के सार का जश्न मनाते हैं, जो इसे दुनिया भर में ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। यह बेहतरीन सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए हमारी घोषणा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। मंच तैयार है और आगे का रास्ता बड़ा लंबा है। तैयार हो जाइए, क्योंकि सालार 2 के साथ सफर शुरू हो रहा है ...

## प्रभास की तीन फिल्में

हर साल सुपरहिट फिल्में की लाइन लगाने वाले प्रभास इन दिनों हाई लेवल सिनेमा बनाने पर काफी फोकस कर रहे हैं। अब प्रभास ने होम्बले फिल्म्स के साथ मिलकर 3 फिल्में साइन की हैं। होम्बले फिल्म्स ने इसकी जानकारी दी है। जिसमें बताया गया कि इस बड़े समझौते में सालार पार्ट 2 के साथ दो और फिल्में शामिल हैं जो एक के बाद एक रिलीज होंगी। ये किसी भी एक्टर और प्रोडक्शन कंपनी के बीच की अब तक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है, जिससे प्रभास और होम्बले दोनों के लिए नए और बड़े मौके आएंगे।

## होम्बले फिल्म्स

होम्बले फिल्म्स हाई क्वालिटी वाले प्रोजेक्ट्स दर्शकों के लिए टॉप लेवल सिनेमा लाने के लिए उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है। केजीएफ चैप्टर 1, केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा और सालार 1 जैसी दुनिया भर में हिट होने के बाद, अब उनके पास एक रोमांचक लाइनअप है, जिसमें मच अवेटेड कंतारा 2 और केजीएफ चैप्टर 3 के साथ-साथ सुपरस्टार प्रभास की नई तीन फिल्में शामिल हैं।

## प्रभास की आने वाली फिल्में

साउथ सुपरस्टार प्रभास के पास कई बड़ी फिल्में हैं, जैसे होम्बले फिल्म्स की सलार 2 के अलावा भी दो और फिल्में हैं। इसके अलावा प्रभास के पास राजा साब, स्पिरिट, कल्कि 2 जैसी कई और फिल्में भी शामिल हैं। प्रभास की फिल्में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में जबरदस्त बिजनेस लाती हैं, जो वाकई में कमाल है।

# भूल भुलैया 3 को लेकर बोलीं विद्या बालन



कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हॉरर-कॉमेडी को जबर्दस्त प्रतिक्रिया भी मिल रही है। कार्तिक के अलावा, फिल्म में माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी ने भी अहम भूमिका निभाई है। विद्या को इस फिल्म की पहली किस्त भूल भुलैया में देखा गया था और वह 17 साल बाद फ्रैंचाइजी में लौटी हैं। इसी फिल्म को लेकर विद्या ने कुछ ऐसा बोला है, जिसे सुनकर कोई भी दंग रह जाएगा। विद्या ने बेगम जान, कहानी भूल भुलैया और परिणीता जैसी तमाम फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया है। उनकी हर फिल्म उनके प्रशंसकों को जरूर पसंद आती है। वहीं 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर विद्या ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह 17 साल बाद फिर से भूल भुलैया करेंगी। फिल्म की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेत्री ने इसे अब तक की अपनी सबसे बड़ी सफलता बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विद्या बालन ने एक इंटरवयू के दौरान कहा, फिल्म बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, मुझे यह बहुत पसंद आ रही है। यह मेरी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। क्या इससे बेहतर कुछ हो सकता है अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म इतना अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# कैसे बनाएं अपने आपको क्रिएटिव...





हम सभी एक जुदा अंदाज में जीना चाहते हैं, लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। मगर कैसे?

लाइफ को क्रिएटिव बनाने की इस इच्छा को पूरी करना चाहते हैं तो इसके लिए प्रयास भी आप ही को करना होगा। यह प्रयास कुछ अलग किस्म के होंगे, जैसे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया करने की कोशिश करें।

आपकी तरह सोचने वाले लोगों से मिले-जुलें और अपने आइडियाज शेयर करें। इन चीजों से धीरे-धीरे लाइफ में बदलाव आने लगेंगे।

### सीखें कुछ नया

लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले यह बात समझ लें कि सीखने की कोई सीमा तय नहीं होती है। नई-नई चीजें सीखें। कुछ नया सोचें या फिर पुरानी चीजों को नए तरीकों से करने के बारे में सोचें। कुछ नया सोचने के लिए इमेजिनेशन होना जरूरी है। हर वक्त नया सोचने के प्रयास से इमेजिनेशन पावर बढ़ती है, जो क्रिएटिविटी के लिए बहुत जरूरी है।

नई चीजें सीखते हुए अकसर असफलता का डर होता है। इस डर को मन से निकाल दें। याद रखें, क्रिएटिव लोगों में यही खास बात होती है कि वो कभी भी असफलताओं से डरते नहीं हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा इस डर से बड़ा होता है।


अब आपको कोई चीज क्यों रोके? तो फिर अब हर हफ्ते कम से कम एक नई चीज सीखने की कोशिश करें। छोटी-छोटी चीजों से शुरू करें जैसे कि कोई नई डिश बनाएं या फिर अपने कमरे को किसी नए तरीके से सजाएं।

### क्रिएटिव लोगों से जुड़ें

क्रिएटिव लोगों से मिलते-जुलते रहें, मिलने का समय न हो तो किसी भी अन्य तरीके से जुड़ें। इससे आपको प्रेरणा मिलेगी। इस तरह लोगों से जुड़ने पर आप अपने आइडियाज बेझिझक शेयर कर सकते हैं और नई बातें भी जान सकेंगे।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने शौक के अनुरूप कोई क्लब या ग्रुप जॉइन कर लें। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स पर आप अपना खुद का ग्रुप बनाकर लोगों को इनवाइट कर सकते हैं, डिसकशन्स कर सकते हैं।

इस तरह के ग्रुप्स एक बढ़िया सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। साथ ही आपकी लाइफ को क्रिएटिव बनाने में सहायक भी होते हैं।



# सिर्फ 15 दिनों में चेहरा खूबसूरत बनाएं जानिए कैसे



हम अपना चेहरा चमकाने के लिए ब्यूटी पार्लर के मोहताज होते हैं या फिर कुछ घरेलू उपचार का सहारा लेते हैं। यहां तक कि आधुनिक तकनीक से बोटोक्स की भी शरण में चले जाते हैं। यहां पेश है कुछ ऐसे उपाय जिसके लिए ना महंगी दवाई की जरूरत है ना ही फेसपैक और पार्लर के नखरों की।

प्रस्तुत है चेहरे के कुछ ऐसे व्यायाम जिन्हें आप आसानी से कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं और बढ़ा सकते हैं अपने चेहरे की रौनक। इन्हें हम फेशियल योगा का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक फेशियल योगा 8-10 से 20 बार प्रतिदिन 5 से 7 मिनट तक करें। इससे आपको 15 दिन में ही फर्क नजर आने लगेगा।

फेशियल योगा स्टेप्स

1 गर्दन सीधी रखकर आईब्रो ऊपर-नीचे करें।
2 भौहें सिकोड़ें, माथे पर आड़े व खड़े सल डालें।
3 गर्दन सीधी रखें व ऊपर-नीचे देखें।
4 आंखों को दोनों दिशा में गोल घुमाएं।
5 आंखों पर हथेली रगड़कर कुछ देर रखें।
6 सुबह व रात आंखों को ठंडे पानी से धोएं।
7 नथुने फुलाएं व ढीला छोड़ दें।
8 पूरा मुंह खोलें व बंद करें।
9 जबड़ा दाएं-बाएं हिलाएं।
10 होठों को सिकोडें व फैलाएं।
11 दांत दिखाएं व बंद करें।
12 मुंह से फुग्गा फुलाएं।
13 दांत पर दांत रखकर जमकर दबाएं।
14 गर्दन की चमड़ी को खीचें, जबड़ा टाइट करें।
15 दस तक गिनते हुए गर्दन को पीछे ले जाएं।
16 मुंह में पानी भरकर हिलाएं।
17 सोने के पहले प्रतिदिन चेहरे को साफ करें। यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो डीप क्लीजिंग मिल्क से साफ करें।

व्यायाम के अतिरिक्त संतुलित खान-पान आपकी त्वचा में असली चमक लाता है। अत: भोजन में दूध, दही, सलाद, फल, हरी सब्जियां अवश्य लें। पर्याप्त पानी पिएं, सूर्य की तेज किरणों से बचें व धूप का चश्मा लगाएं।

# तपती गर्मी में पाएं खिली-खिली ताजगी



गर्मी में अगर आप अगर बहुत थकान महसूस कर रहे हैं तो पानी के छींटों से आप फ्रेश महसूस करेंगे। सादा पानी भी आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। वह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। खीरे के जूस को आप चेहरे पर लगाएं तो इससे चेहरे पर ठंडक महसूस होगी तथा सनबर्न (धूप की जलन) की समस्या से बचे रहेंगे।

* ऑफिस से जब आप लौट कर आते हैं तब आप अपने पैर, हाथ, हल्के गुनगुने पानी में डाल कर रखें जिससे आपकी सारी थकान कम हो जाएगी। अगर आप चाहें तो इस पानी में थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे पैर कोमल हो जाते हैं। आप सोफ्टनर से पैरो के तलवे को साफ कर सकते हैं। 10 से 15 मिनट तक अपने पैर को पानी में डालकर रखें इससे शरीर का रक्तसंचार भी बढ़ेगा।

* एक बोतल में आप थोड़ा सा कोलोन या परफ्यूम की थोड़ी सी बूंदों को लेकर अधिक मात्रा पानी के साथ उसे मिला दें, स्प्रे बोतल की तरह इसे इस्तेमाल कर आप रिफ्रेश हो सकते हैं।

* त्वचा के मुंहासों के लिए चन्दन तथा गुलाब के जल से पेस्ट बनाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इस समस्या से आपको राहत मिल सकती हैं। रात भर इसे रखें तथा दूसरे दिन इसे धो लें।

* चेहरा केवल ऊपर से साफ नहीं होता हैं बल्कि इसे भीतर से भी साफ करना चाहिए। इसके लिए आप नींबू का रस तथा चीनी को मिलाकर अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इससे आपकी त्वचा भीतर से साफ हो जाएगी तथा चेहरे के झुलसे हुए दाग में भी आराम पड़ेगा।

* केले को लेकर आप इसे दूध के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं तो आपका चेहरा कोमल होगा और इस पर निखार आ जाएगा।

* हल्दी के साथ दूध को मिलाकर लगाएं तो आपकी झुलसी हुई त्वचा की समस्या हल होगी तथा फेशियल बाल कम हो सकते हैं।





# अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन दीजिए

भले ही आज स्मार्ट फोन और टैबलेट की जनरेशन (पीढ़ी) अपने ज्ञान की क्षमताओं में एक कदम आगे है फिर भी यह जरूरी है कि आप अपने बच्चे को शुरुआती सालों से ही पढ़ने के लिए प्रोत्साहित और तैयार करें। माता-पिता की बहुत-सी जिम्मेदारियां होती हैं जिसमें से एक है कि वे अपने बच्चे की पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाएं। कैसे आप पढ़ने में उनकी रुचि बढ़ा सकते हैं :-

उनकी पसंदीदा किताब लें - अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर है तो उसे टीवी देखने देने की बजाय किताब गिफ्ट करें। किताबों की दुकानें बहुत से कार्टून किताबों से भरी हैं। ये समान रूप से आकर्षक हों, नए के साथ पिक्टोरियल हों तो ध्यान जोड़े रखती हैं।

उनके लिए पढ़ें - अगर आप अपने बच्चों के लिए फैरी टेल या कार्टून की किताबें लाई हैं तो आप उन्हें अपने बच्चों के लिए पढ़ें। हो सकता है शुरुआत में बच्चे रुचि न लें तो आप उसे खुद पढ़ना शुरू करें। इससे आपके बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी कि किताब में ऐसा क्या है, जो आप इसे पढ़ रहे हैं और उसे प्रोत्साहित भी करेगा। इसके बाद आप बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल कर सकते हैं।

किताबों से सुनाएं - कहानियों को रोमांचक तरह से सुनाएं। जरूरी नहीं है कि कहानी जैसी लिखी है आपको वैसे ही सुनानी है। आप उसमें कुछ अपने बचपन की दिलचस्प बातें जोड़ सकती हैं या फिर कहानियों के किरदार की तुलना अपने बच्चों से कर सकती हैं। यह बच्चों को जोड़े रखता है।

पूरी प्रक्रिया का आनंद लें। यह न सोचें कि यह थकाऊ प्रक्रिया है। इससे आपका बच्चा रुचि खो सकता है। हमेशा चार्ज अप लगें।

# छह चीजों से चमकाएं बाल और त्वचा




अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

विटामिन ए से भरपूर चीजें

क्या लें- गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

फायदा - इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

सूखे मेवे

फायदा- इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

विटामिन सी वाली चीजें

फायदा- नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

अलसी के बीज

फायदा- खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं- चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।



# मां बनने के एक साल के अंदर घटाएं वजन



मां बनने के एक साल के अन्दर महिलाओं ने अगर अपने वजन पर नियंत्रण नहीं किया तो उन्हें हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां घेर सकती हैं।

ब्रिटिश दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कनाडा में टोरंटो के माउंट सिनाई अस्पताल के मधुमेह केंद्र ने अपने नए शोध में यह बताया है कि महिला के लिए मां बनने के बाद के पहले तीन महीने सुरक्षित होते हैं क्योंकि इस दौरान उनके शरीर में उतने बदलाव नहीं होते इसलिए हृदयरोग, मधुमेह या उच्च रक्तचाप का खतरा इस दौरान उतना अधिक नहीं रहता है।

शोध पत्रिका डायबिटीज केयर में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक तीन महीने के बाद पूरे साल तक मां के शरीर में तरह-तरह के बदलाव होते हैं। इस दौरान उनके शरीर में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और इंसुलिन की सक्रियता काफी बढ़ जाती है और उनके हृदय संबंधी रोग से ग्रसित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

शोध के दौरान 300 गर्भवती महिलाओं पर पूरे नौ महीने और बच्चे के जन्म के एक साल बाद तक निगरानी की गई और उनकी नियमित जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अगर बच्चे को जन्म देने के एक साल के अंदर मां ने अपने वजन को कम नहीं किया तो उसके मधुमेह से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने पाया कि बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर तीन चौथाई मांओं ने अपने वजन पर काबू पा लिया और उनका कोलेस्ट्राल तथा रक्तचाप का स्तर सामान्य रहा, लेकिन जिन एक तिहाई महिलाओं का वजन इन दौरान बढ़ गया उनके मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ित होने की संभावना भी काफी बढ़ गई। शोधकर्ता डॉक्टर रवि रत्नाकरन ने कहा कि इस शोध के कारण अब महिलाओं को बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर वजन घटाने की सलाह दी जाती है।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।
किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267